सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 अंक 43 विक्रम संवत 2081 कार्तिक कृष्ण पंचमी से कार्तिक कृष्ण एकादशी 21 अक्टूबर सोमवार से 27 अक्टूबर रविवार 2024 तक पृष्ठ 04 मूल्य 8रू/-

## शासन-प्रशासन जानकारियां

# सांसद और मंत्री से रिमोट दबाकर किया प्रेम हॉस्पिटल का शुभारंभ–

## भाजपा सांसद और मंत्री ने किया प्रेम हॉस्पिटल का शुभारम्भ











मेरठ शास्त्रीनगर स्थित प्रेम हॉस्पिटल का दिल्ली रोड़ स्थित शॉप्रिक्स मॉल के पास रविवार को बीजेपी सांसद श्री महेश शर्मा और उ०प्र० सरकार के मंत्री सोमेन्द्र तोमर संयुक्त रूप से हॉस्पिटल के मुख्य द्वार का रिमोट दबाकर शुभआरंभ किया। आज से हॉस्पिटल चिकित्सा के लिए खोल दिया गया हैं। मुख्य अथिति मेहश शर्मा ने कहा कि प्रेम हॉस्पिटल का मुख्य उदेद्श्य हर तबके को उचित चिकित्सा लाभ प्रदान करना है। मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रेम हॉस्पिटल अत्याधुनिक बुनियादी ढाचाँ हैं जो मरीजो को एक ही छत के नीचे हर सुविधा मोहियां करायेगा। प्रेम हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि प्रेम हॉस्पिटल कि शुरूआत करीब दो दशक पहले एल. ब्लॉक, शास्त्रीनगर, मेरठ से हुई थी। जहाँ पर बड़ी संख्या में आई. वी. एफ. की मदद् से सैकड़ों परिवारों में खुशी की किलकारी गुँजईमान हुई थी। इसी सफलता को देखते हुए हॉस्पिटल में बढ़ने वाले मरीजों को ध्यान में रखते हुए अब और भी आधुनिक तकनीकी व सुविधाओं के साथ चौबीस घंटे सेवा देने के लिए नये परिसर का शुभारम्भ किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में मेरठ मंडल के अपर कमीश्नर श्री अमित कुमार सिंह और एन.सी.आर.आई.एम.एस. के चौयरमेन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रेम हॉस्पिटल मॉडूलर टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के निर्देशक डॉ. आरती शर्मा का कहना है कि हॉस्पिटल का मिशन ''अब कोई भी गोद नही रहेगी सुनी'' है। जिसका उददे्श्य संतानों से वंचित दम्पती के जीवन में आई.वी.एफ. के द्वारा इलाज देकर खुशियां लाना है। जिसके लिए उनकी पूरी टीम अब और भी उच्च चिकित्सा देने के लिए समर्पित है। नये परिसर में एन.आई.सी.यू., प्रस्तूति, बाल चिकित्सा, पैथोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, रेडियोलोजी, यूरोलॉजी, लैप्रोस्कोपी, कैंसर सर्जरी आदि चिकित्सा सुविधाएं प्रमुख डॉक्टरों द्वारा दी जायेगी। पीडित मरीजों को यहाँ विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जायेगी अब आई.वी.एफ. एवं अन्य इलाज के लिए मरीजो को मेरठ से बाहर का रूख नही करना पड़ेगा । हमारी टीम में आनुवांशिकीविदों के साथ प्रमुख प्रजनन, प्रजनन परामर्श और नर्स शामिल है। कॉउंसलिंग के लिए भी अलग विभाग मौजूद रहेगा। हॉस्पिटल की ओर से प्रतिदिन सायं 3 से 6 बजे तक नि:शुल्क नि:संतानता परामर्श उपलब्ध रहा।

– श्रम शिखर ब्यूरो

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ महानगर

### महानगर के 32 स्थानों पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण रहा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेरठ महानगर- मेरठ स्वयंसेवक संघ मेरठ महानगर में आज विजयादशमी पर्व मनाया गया। महानगर के 32 स्थानों पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण रहा। जिसमें 6000 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक हाथ में दण्ड लेकर पद संचलन करते हुए चले। महानगर में शास्त्रीनगर, जागृति विहार, सूरजकुण्ड, मंगलपाण्डे नगर, गंगानगर, लालकुर्ती, पल्लवपुरम, मलियाना, कंकरखेड़ा, सरस्वती स्थानों पर पथ संचलन निकला। सभी स्थानों पर शस्त्र पूजन किया गया। पथ संचलन में बाल, युवा, प्रौ–सजय़ सभी आयु के स्वयंसेवक संचलन में उपस्थित रहे। संचलन में स्थानों-उचयस्थानों पर क्षेत्रीय जनता द्वारा पुष्प वर्षा करके पथ संचलनों का स्वागत किया गया। संचलन को देखकर जनता का उत्साह देखते ही बनता था। जागृति विहार में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख रूपनारायण जी ने कहा कि स्वयंसेवक संघ वर्ष में 6 उत्सवों को मनाता है। जिसमें से एक आश्विन शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाने वाला विजयादशमी है। आज ही के दिन माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। आज के ही दिन भगवान राम ने राक्षस रावण का वध किया था। भगवान राम वन में गये, यह उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा था। वह राजा बन सकते थे लेकिन जब समाज संकट में हो तो सुख का भोग करना निरर्थक हो जाता है। उन्होंने समाज से वंचित बन्धुओं, भालु और बन्दरों को संगठित कर युद्ध में रावण का वध किया। जब पाण्डव 13 वर्ष के वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास के बाद उन्होंने आज के दिन अपने शस्त्रों का पूजन किया। हिन्दू समाज को भी अपने घर पर पूजन करते समय शस्त्र का पूजन करना चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि विजयदशमी के दिन हिन्दू समाज को संगठित करने के लिये डॉ. हेडगेवार ने 27 सितम्बर 1925 को नागपुर में संघ की स्थापना की थी। बाल्यावस्था से ही डॉक्टर साहब के अंदर रा–ुनवजयट्रभक्ति सर्वोपरि थी। डॉक्टर साहब क्रांतिकारियों की गतिविधियों में भी बहुत ब–सजय़ च–सजय़कर अपनी भूमिका का निर्वाह करते थे। आज सिर्फ 39 या में ही नहीं, विश्व में सबसे बड़ा संगठन स्वयंसेवक संघ है। संघ को जानने के लिए शाखा में आना पड़ता है तभी संघ को सही तरीके से जाना जा सकता है। प्रारम्भ में संघ पर अनेकानेक बाद प्रतिबंध लगे, परन्तु आज समाज ने संघ को स्वीकार किया है। आज से संघ का शताब्दी वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में परिवर्तन करना है। सामाजिक समरसता, प्र्यावरण, परिवार प्रबोधन,स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के माध्यम से हमें समाज में परिवर्तन करना है। संजीव गर्ग महानगर प्रचार प्रमुख

– श्रम शिखर ब्यूरो

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# ध्यान का परम ऐश्वर्य

ध्यान का परम ऐश्वर्य

तुमने पूछा है: मैं कैसे अपने अचेतन, अपने अंधेरे को प्रकाश से भर दूं ? एक छोटा सा काम करना पड़ेगा। बहुत छोटा सा काम।

चौबीस घंटे तुम दूसरे को देखने में लगे हो- दिन में भी और रात में भी। कम से कम कुछ समय दूसरे को भूलने में लगो। जिस दिन तुम दूसरे को बिलकुल भूल जाओगे, बुद्धि की उपयोगिता नष्ट हो जाएगी।

इसे ज्ञानियों ने ध्यान कहा है। ध्यान का अर्थ है: एक ऐसी अवस्था, जब जानने को कुछ भी नहीं बचा, सिर्फ जानने वाला ही बचा। उससे छुटकारे का कोई उपाय नहीं है। लाख भागो पहाड़ों पर और रेगिस्तानों में, चांद-तारों पर, लेकिन तुम्हारा जानने वाला तुम्हारे साथ होगा। चूंकि वह तुम हो, वह तुम्हारी अंतरात्मा है, उसे छोड़ कर भागा नहीं जा सकता। वह कोई छाया नहीं है। वह तुम्हारा अस्तित्व है। रोज घड़ी भर, कभी भी सुबह या सांझ या दोपहर, इस अनूठे आयाम को देना शुरू कर दो। बस आंख बंद करके बैठ जाओ।...

जब मैं कहता हूं कि घड़ी आधा घड़ी को आंख बंद करके बैठ जाओ, तो तुमसे मैं यह कह रहा हूं कि घड़ी आधा घड़ी को दूसरों को भूल जाओ। चौबीस घंटे पड़े हैं। तेईस घंटे सारे संसार को दे दो, बाजार को दे दो, दुकान को दे दो, मकान को दे दो - जिसको देना हो, उसको दे दो। लेकिन क्या तुम इतने भी अधिकारी नहीं हो कि एक घंटा अपने लिए बचा लो ? शायद चौबीस घंटा बचाना बहुत मुश्किल हो। एक घंटा बचाना आसान हो सकता है। और फिर मैं तुमसे यह भी नहीं कहता कि इस घंटे को बचाने के लिए तुम हिमालय की किसी गुफा में बैठो। तुम्हारा घर पर्याप्त है, और सबसे ज्यादा आसान जगह है। क्योंकि वहां जो भी है, उससे तुम परिचित हो। और एक घंटे के लिए उस सबको भूल जाना कठिन नहीं है।

आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, जल्दी ही वह घड़ी आ जाती है कि तुम चुपचाप बैठे ही रहते हो। मूर्तियां आएंगी, मत रस लेना उनमें - न पक्ष में और न विपक्ष में। आने देना और जाने देना। रास्ता है, मन की राह है, चलती है। तुम राह के किनारे बैठे देखते रहना। और तुम चकित होओगे, इस जीवन के सबसे बड़े रहस्य से चकित होओगे, कि अगर तुम साक्षीभाव से - सिर्फ साक्षीभाव से, जैसे तुम्हें कुछ लेना-देना नहीं- कौन जा रहा है, कौन आ रहा है, तुम गुमसुम चुपचाप सड़क के किनारे बैठे ही रहना। जल्दी ही वह घड़ी आ जाएगी कि यह रास्ते की भीड़ कम होने लगेगी। क्योंकि इस भीड़ के रास्ते पर होने का कारण है। तुमने इसे निमंत्रण दिया है। तुमने अब तक इसका स्वागत किया है। यह बिन बुलाई नहीं है। और जब यह देखेगी कि तुम इतनी उपेक्षा से भर गए हो कि तुम लौट कर भी नहीं देखते - कौन आया, कौन गया, अच्छा था कि बुरा, सुंदर था कि असुंदर, अपना था कि पराया - यह भीड़ धीरे-धीरे विदा होने लगेगी।

ध्यान की प्रक्रिया बड़ी सरल है। थोड़ी सी धैर्य की क्षमता चाहिए। और खोने को क्या है? अगर कुछ न भी मिला तो घंटे भर आराम ही हो लेगा। लेकिन मैं जानता हूं अपने अनुभव से और उन हजारों लोगों के अनुभव से, जिनको मैंने इस प्रक्रिया से गुजारा है, एक दिन वह घड़ी आ जाती है, वह महाघड़ी आ जाती है कि मन का रास्ता खाली हो जाता है, धूल भी नहीं उड़ती, जानने को कुछ भी शेष नहीं रह जाता। और जब जानने को कुछ भी शेष नहीं रह जाता, तब सिर्फ जानने वाला शेष रह जाता है। और उस जानने वाले को अब कोई उपाय नहीं है किसी और को जानने का, सिवाय अपने को जानने के। जानना उसका स्वभाव है। अगर तुम कुछ खिलौना उसे हाथ में दे देते हो, कोई घुनघुना हाथ में दे देते हो, वह उसी को जानता रहता है। अब आज कुछ भी नहीं है। आज वह अपने को ही जानता है। और एक बार भी किसी ने अपना स्वाद ले लिया, तो उसने अमृत का स्वाद ले लिया।

फिर न कोई अंधेरा है, फिर न कोई अचेतना है। और वह एक घड़ी धीरे-धीरे तुम्हारे चौबीस घड़ियों पर फैल जाएगी। रहोगे फिर भी तुम बाजार में, रहोगे फिर भी तुम घर में। वही होगी पत्नी, वही होंगे बच्चे। लेकिन तुम वही नहीं होओगे। तुम्हारे जीवन में एक क्रांति घटित हो जाएगी। तुम्हारे देखने के सारे परिप्रेक्ष्य, तुम्हारी आंखें बदल जाएंगी। एक शांति- और ऐसी शांति, जिसकी कोई गहराई कभी नाप नहीं सका। और एक प्रकाश, और एक ऐसा प्रकाश, जिसमें न तो कोई तेल है, न कोई बाती है- बिन बाती बिन तेल। इसलिए उसके चुकने का कोई सवाल नहीं है। इस अनुभूति के बिना सारा जीवन व्यर्थ है। और इस अनुभूति को पा लेना उस परम ऐश्वर्य को पा लेना है, जो कभी चुकता नहीं है..---ओशो

# थोड़ा सा नीबू भोजन में शामिल करने से होंगे बेहतरीन फायदें


1. नींबू यह खराब गले, कब्ज, किडनी और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुंचाता है।
2. यह ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है।
3. नींबू विटामिन सी का बेहतर स्रेत है इसलिए यह त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए भी यह बेहतर होता है।
4. नींबू पानी में कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम और जिंक पाए जाते हैं।
5. नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरीन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।
6. नींबू पानी हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प है। खासतौर से उनके लिए जो डायबिटिक या वजन कम करना चाहते हैं।
7. पाचनक्रिया में फायदेमंद- नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है,जो पाचन के लिए आवश्यक है।
8. प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिएं और पूरे दि कॉन्स्टीपेशन की समस्या से दूर रहें।
9. नींबू पानी को गुनगुना करके पीने से गले की खराबी या फैरिन्जाइटिस में आराम पहुंचाता है।
10. नींबू पानी पीने से मसूड़ों से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है।

- श्रम शिखर

# हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

**वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।**

# अभिलाषाएं..... मन की



कोई ऐसा व्यक्ति नही जिसके मन में अभिलाषाएं न हों,
बस यू समझियें की मन इन अभिलाषाओं की जन्म स्थली है।
क्या कभी किसी व्यक्ति की समस्त अभिलाषाएं पूरी हुयी है?
कुछ हो जाती है कुछ अधुरी शेष रह जाती है,
जो दुख देती है। जब अभिलाषायें अपूर्ण रह जाती है,
तो व्यक्ति उनको पूरा करने में व्यस्त होकर दुखी,
और व्यक्ति होकर रह जाता है जीवन में थकान, मजबूरी,
को ही अपना सबकुछ मान लेता है। मजबूरियां भी कई प्रकार की होती है। जो,
पूरी नही हो पाती है अतः अभिलाषायें पर लगाम बांधकर आगे बढियें ताकि जीवन
व्यक्ति, निराश एंव हताश न हो, इन्द्रियां पर नियन्त्रण रखियें,
तभी-जीवन शांत सुखी और आन्दित बीत सकेगा। अभिलाषाएं
का तो भण्डार घर की भांति होती है एस के बाद एक जन्म लेती रहती है
अतः केवल सीमित और आवश्यक अभिलाषाओं की पूर्तिपर ध्यान दीजियें। जीवन
समझदारी से चिन्ताहीन बीतेगा। अभिलाषाओं पर नियन्त्रण एंव आगें बढ़ बस-
सम्पूर्ण जीवन सुखी बीतेगा। - ऊषा महेन्द्रि (अवकाश प्राप्त शिक्षिका)

# आलसी मांगे आराम कर्मी मांगे काम ही काम

आलसी मांगे काम, कर्मी मांगे काम ही काम,
यह कहावत है सत्य व यथार्थ कि जो माने सत्य है जो न माने अज्ञानी है
आलसी पुकारें हरदम काम, आलसी का जीवन होता व्यर्थ, निरर्थक कर्मो का
तीवन होता व्यर्थ, निरर्थक कर्मी का जीवन सार्थक और महान,
आलस जीवन का है नीचतम दोष, कर्मी का जीवन होता गुणकारी और माननीय ,
कर्मी यह नही सोचता काम छोटा है या जीवन में बड़ा है जीवन में
जब आलसी छोटा काम सोचता है बुरा। आलसी जब करता है सोचता है- वह न
जाने कहा-कहा की सोचता है,कोई उठायें उसे, बस-नही होती है उसकी खैर जब
की कोई कहें कर्मशील को करना है तुमकों काम करना होता है कितना खुश ओर
करने लगता है काम है भविष्य आलसी का निर्जीव समान कर्मशील का जीवन है
भविष्य और उज्ज्वल, उठ जाओं तभी सखेरा की नीति है कितनी उज्ज्वल बन
जाता हैं इंसान जीवन में सफल, महान, कर्मशील छोड जाता है पीछे अनुसरण
करने को काम जब कि आलसी छोड जाता है जीवन की बर्बादी अतः छोड आलस
बन जाओं सत्य, कर्मशील जग में हो जायेगा, नाम तभी तुम्हारा एक अनुभवीता
की सोच यही ।। - ऊषा महेन्द्रि (अवकाश प्राप्त शिक्षिका)

## पर्यावरण संबन्धी

हम सबका है एक ही नारा,
साफ सुथरा देश हो हमारा,,
- आम नागरिक




" स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत "

## चुटकुले भी इशारा है





पप्पू- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है
चप्पू- नहीं यार तुम ही बता दो
गप्पू- मुझे पता है मैं बताता हूं
गप्पू- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें




टीचर- कंजम और तारीख में क्या अंतर है ?
सारी **Class** चुप
गप्पू- सर, कंजम में **Girlfriend** के साथ जाते है और तारीख में वकील के साथ

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+

स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता

# सम्पादकीय



## अधिकारी का तैनाती स्थान पर रात्रि गुजारना जरूरी रात ही न गुजारे निवास सीन ही हो

उ०प्र० शासनदेशान्तर्गत मेरठ जिलाधिकारी द्वारा अधिकारी वर्ग को अपने तैनाती स्थान पर ही रात्रि में रहना होगा। इसकी सुनिश्चिता हेतू अतिरिक्त जिलाधिकारी प्रशासन को औचिक निरीक्षा का दायित्व दिया गया है।

जिलाधिकारी मेरठ का कहना है कि निरीक्षण में तैनाती सीन पर न मिलने पर कड़ी कार्यवाही होने की बात भी कही गई है। जिलाधिकारी के अनुसार नगरपालिका, नगरपरिषद के अधिशासी अधिकारी एंव विकास खण्डों बी.डी.ओं. के अपने तैनाती स्थानों पर रात्रि न गुजारने उनके समय पर मिलने की अधिकतार शिकायतों मिलती है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण एंव कार्यवाही रिपोर्ट देने को निरीक्षण स्तर की रिपोर्ट देने को कहा गया है।

अखिल भारतीय लोकाधिकार संगठन ने इसका स्वागत किया हैं। परन्तु ईमानदारी से आदेश एंव निर्देश का पालन करती है। तब ही प्रयास का लाभ हैं तैनाती स्थान पर रात भी गुजारना पर्याप्त का लाभ है। तैनाती स्थान पर रात भी गुजारना पर्याप्त नही बल्कि तैनाती स्थान पर ही तैनाती अधिकारी कर्मचारी का निवास होना सरकारी, अर्द्धसरकारी, सार्वजनिक उपक्रम की संवा नियमावली का हिस्सा है। इस स्थान का ही मकान किराया पाते है।

पटवारी, सरकारी नलकूप चालक आदि से लेकर तहसील स्तर, थाना पुलिस, बिजली विभाग में तैनाती स्थान पर ही निवास के नियम व्यवस्था का सख्ती से पालन करती है।


विकास के लिए

अपने प्रतिनिधि सेवक कार्यो का मूल्याकंन एंव मार्गदर्शन कीजिए। हमसे जुड़ने के लिए अपना नाम,, व्हाट्सऐप 9219660360 पर भेजिए।

श्रम शिखर

आपका अपना सहभागी अखबार

सार्वजनिक सम्पत्ति का सम्मान करें- नगर निगम मेरठ



विकसित भारत

जो बड़े से बड़े अधिवक्ता हुए हैं दुनिया में उन सभी के संबंध में यह बात है कि संविधान से ज्यादा उनमें गुण हैं उनमें गुण का क्या अर्थ होता है अर्थ यह होता है कि कानून गौण है, लेकिन जिस ढंग से वो उसका उपयोग करते है, वह महत्वपूर्ण है- ओशो

सहभागी. RR ADVERTISING SERVICES सद्भावना समिति (पंजी०) sadbhavnasamiti.in

Outdoor, Print, Events, Signage, Film, Media International & News Papers, Tour & Travels

rradvertisingmeerut.com | rradvertisingmeerut@gmail.com | RR Advertising Service

283, श्रीकृष्ण भवन, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ - 250001 9690331338, 0121-2641338


# सद्भावना समिति जागरूकता कोना

### सद्भावना समिति द्वारा जनहित के विकास के लिए मुख्य जानकारी–

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में पंजीकरण कराएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इसी सिलसिले में मोदी सरकार की पी एफ इंटर्नशिप योजना के लिए पंजी० दशहरे के दिन से शुरू हो गये है।

योजना के तहत प्रशिक्षु या इंटर्नकशिप को १२ महीने के लिए हर माह 5000/रु माह मिलेगें। सरकार से अतिरिक्त लाभ के लिए 6000/रु एक मुश्त राशि भी मिलेगी।

योग्यता:–

1. इसमें प्रशिक्षु 10 पास होना आवश्यक है
2. प्रशिक्षु की आयु 21 वर्ष से 24 वर्ष तक आवदेन कर सकता है

इस योजना में अनु० जाति व अनु० जनजति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण नियम व शर्ते लागू होगा।

भास्काराचार्य इंस्टीटयूट फॉर एप्लीकेशन एंड जियोइंफामेटिक्स (BISAG) 27 अक्टूबर से सात नवम्बर के बीच उम्मीदवारों के शार्टलिस्ट करेगा। शार्टलिस्ट किए उम्मीदवारों का 8 नवम्बर के बीच इंटर्नशिप ऑफर पर फेसला कर सकता है।


इसमें 12 महीनें में भारत को शीर्ष 500 कम्पनियों में इटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करेगी। इटर्नशिप 2 दिसम्बर से शुरू होगा। अंतिम तिथि– 25 अक्टूबर 2024 होगी

पंजी० पोर्टल पर– **www.pminternshp.mca.gov.in**

## अरोड़ा स्पोटर्स द्वारा दौड खेल को प्रोत्साहन

सद्भावना समिति द्वारा स्कूलों में छात्र/छात्राओं के विकास हेतू विभिन्न गतिविधियों कराई जा रही है। जिसमें लेखन, भाषण, कला, अन्य विशेष विशेषताओं से संबन्धित और खेल कूद में छात्र निपुण हो उसके लिए भी प्रयास किये जा रहे है। अरोडा स्पोटर्स कम्पनी के प्रतिनिधि श्री असमित अरोड़ा द्वारा सद्भावना समिति को एक एथेलेटिक हर्डल भेट किया गया जिसके द्वारा स्कूलों में खेलकूद के विकास में सहायता मिल सकें।

हमारी संस्था अरोड़ा स्पोटर्स व कम्पनी के प्रतिनिधि श्री असमित अरोड़ा जी आ आभार व्यक्त करती है।




संयोजक–रवि कुमार एड.
सद्भावना समिति पंजी.

# दिवाली को रोशनी का त्योहार कहा जाता है......

दीपावली को सभी नकारात्मक ऊर्जाओं को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित करने के रूप में अत्यधिक विश्वास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली के अवसर पर लोग अपने जीवन में धन, समृद्धि और खुशहाली जैसे प्रकाश ऊर्जा को आमंत्रित करने के लिए अपने घरों और कार्यस्थलों को फूलों, रंगोलियों और विभिन्न प्रकार की सजावटों के साथ साफ-सफाई, नवीनीकरण करके कई दिन पहले से तैयारी शुरू कर देते हैं। इस दिन लोग अपने घरों और ऑफिस में तेल के दीपक और मोमबत्तियाँ भी जलाते हैं। इस दिन लोग परिवारजनों, अपने कर्मचारियों और दोस्तों को उपहार देते हैं। दीपावली का उत्सव आमतौर पर पांच दिनों की अवधि तक चलता है, और दिवाली का मुख्य उत्सव अमावस्या की रात को मनाया जाता है। उत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है, उसके बाद नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली और फिर तीसरे दिन दिवाली (देव दीपावली) होती है। इसके बाद चौथे दिन दिवाली पड़वा या गोवर्धन पूजा और 5 दिवसीय उत्सव के पांचवें और आखिरी दिन भाई-दूज का त्योहार मनाया जाता है।

धनतेरस उत्सव समारोह का पहला दिन है। धनतेरस शब्द का अर्थ ही धन और समृद्धि है। यह दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि लोग सोने या आभूषणों में निवेश करने के लिए इस दिन को चुनते हैं। इस शुभ अवसर पर दिवाली के लिए नए कपड़े और बर्तन भी खरीदे जाते हैं। यह दिन भगवान धन्वंतरि को समर्पित है। नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली इस त्योहार का दूसरा दिन है। इस दिन, लोग अपने जीवन से सभी पापों और अशुद्धियों को दूर करने के लिए सुबह जल्दी उठते हैं और स्नान करने से पहले अपने ऊपर सुगंधित तेल लगाते हैं। दीवाली या दीपावली रोशनी के इस पावन त्योहार का मुख्य दिन है जो बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इस दिन धन-संपदा और समृद्धि का आशीर्वाद पाने के लिए मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लोग नए कपड़े पहनते हैं, पूजा करते हैं और दीये जलाकर और कुछ पटाखे फोड़कर आनंद लेते हैं। पड़वा और गोवर्धन पूजा चौथे दिन पड़ती है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने विशाल गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र को हराया था। गाय के गोबर का उपयोग करके, लोग गोवर्धन का प्रतीक एक छोटा टीला बनाते हैं और उसकी पूजा करते हैं। भाई-दूज, दिवाली का पांचवां दिन पारिवारिक संबंधों को समर्पित दिन है। इस दिन रक्षाबंधन की तरह ही बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधतीं हैं। बहनें अपने भाई की लंबी और खुशहाल जिंदगी के लिए प्रार्थना करती हैं जबकि भाई अपनी बहनों को कीमती उपहार देते हैं। यह त्योहार कार्तिक महीने की अमावस्या को मनाया जाता है. दिवाली पर घरों को साफ किया जाता है और रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई जाती हैं.




सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

E-Paper :shramshikhar.com

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760

साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलेक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359

प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736

प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359

बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365

इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359

संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164

कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549

मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,

वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430

उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

श्रमशिखर कार्यालय

मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ

153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।

सम्पादकः सुनिता रानी

प्रबन्धकः राकेश गुप्ता


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

पायें समाधान! inter ACT समाधान उपलब्ध अवसर ढूंढ रहे है, जरूरत पूरी करें

# हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CLASSIFIED

चुनियें उन्हें, जिन्हे, ढूंढ रहे है, जरूरत पूरी करें।

## Jobs आवश्यकता

आवश्यकता है अनुभवी सेल्समेनो की, रवबामल ब्रांड की मार्केटिंग के लिए डिस्ट्रीब्यूटर पॉइंट पर सैलरी योग्यता अनुसार। संपर्क करें अंकुर ट्रेडर्स बेगम बाग मेरठ M. 9837894962

Casting Supervisor & Quality Supervisor, B.sc/M.sc (PCM) ITI, Polytechnic, Diploma Electrical/Mechanical Exp 2-3 years. Email - info@sarucopper.com

## Press पत्रकारिता

बिजनेस प्रमोटर, यूट्यूबर, पत्रकार, संपादक, वेब, सोशल मीडिया डेवलपर, नाचूरोपैथी डॉक्टर। फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई हेतु मैनेजर। आर आर एडवरटाइजिंग, वेस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो. 9219660359

## Facility प्लैसमेंट पाइए

अपना बायोडाटा भेजें अवसर ही अवसर आपके दरवाजे पर

## खरीदना/बेचना

Prime 4BHK First Floor, Main Nehru Road (Kutchery Ka pul) 2400 Sq Ft., 3 Bath, 2 Stores, 2 Large Balconies, Garage. M:9837774291

## Facility उपलब्ध Man Power

मात्र 100 /रू में अपना नाम व बायोडाटा छपवाने के लिए सम्पर्क करें मो० 9690331338

अपना बायोडाटा भेजें अपनी योग्यता अनुसार अवसर पायें

श्रीकृष्ण भवन, 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ
Email- rradvertisingmeerut@gmail.com
Mob. 0121-2641338, 9219660359,

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अपने प्रोपर्टीज, मकान, दुकान, प्लॉट आदि के मुफ्त विज्ञापन प्रकाशित करायें तथा डायरेक्ट पार्टी से सम्पर्क करें

## Service व्यापार

श्रम शिखर act To book this Space & innovative advertising
Shri Krishan Bhawan, 283, Western Kutchery Road, Meerut-250001 (U.P.)
0121-2641338, 9690331338

## सम्पर्क वर्गीकृत

अपनी वस्तु के अनुसार उत्पाद/वस्तु के अन्तर्गत अपना शीर्षक चुनें।

- उत्पाद/वस्तु
- हियरिंग ऐड
- RO
- इनवर्टर
- CCTV
- फर्नीचर
- किचन-उपकरण
- इलेक्ट्रोनिक-गुड्स
- ज्वैलरी
- गारमेन्ट्स
- बैट्री
- आटा-चक्की
- कम्प्यूटर
- स्टेशनरी
- मोबाइल
- पानी

# SERVICES

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

FRIZZON TRAVEL | EVENTS | FILMS

worldwide Travel as you wish

Flight Hotel, Car, Cruise, Train Booking

DOMESTIC ALL INDIA & INTERNATIONAL TOURS AND TRAVELS

BOOKING NOW!

Meerut | Mumbai | Delhi
0121-2641338, 8266023450
www.frizzontravel.com
E-mail- booking@frizzontravel.com

## एडवरटाइजिंग

[redacted]

सभी समाचार-पत्रों मे विज्ञापन बुकिंग हेतू

RR ADVERTISING SERVICES MEERUT Estd. 1979

All India & International All Media Agency

Outdoor | Print
Signage | Magazine
Event Promotion
Newspaper | Film
Point Of Purchase
Digital Media
Awareness Program

rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com

Mob. 0121-2641338, 9690331338, 9219660359

SHRI KRISHAN BHAWAN, 283, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001

## मेडिकल सुविधाएं

शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक

डॉ. विवेक मित्तल (Mob. 9997153212)

ज्वालापुरी नाला रोड़ निकट माधवपुरम क्रासिंग हनुमान मन्दिर दिल्ली रोड़, मेरठ

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर पाठक प्रीविलेज इच्छाओं और जरूरतों का समाधान उपलब्ध

जाँच शुल्क में 50%

पूरे विज्ञापन की कार्टिंग लाने पर दो माह तक प्रभावी

## हियरिंग सर्विस

मूर्ति हियरिंग ऐड सेंटर

100% Computerized Digital Hearing Aid

निकट कचहरी पुल, 229, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ (जिला सहकारी बैंक के बराबर वाली गली के अन्दर)

7017397893, 9837169137

## इन्सोरेन्स सेवाएं

लक्ष्मी चन्द त्यागी वरिष्ठ इन्सोरेन्स सलाहाकर 172 नन्दन गार्ड गली न० 1 वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ-250001
9719034677, 8077856156
ictyagi007@gmail.com

Ashwani M. 9358402356, 9897540136 For LIC, Health Insurance, Post Office, RD TD, NSC, KVP, MIS Vehicle Insurance etc....

## ब्यूटी पार्लर

ब्यूटी पार्लर विशेषताओं के साथ उपभोक्ताओं तक पहुंचे

## वर/वधू चाहिए

अपनी योग्यता अनुसार वर/वधू पायें अपना विज्ञापन छपवायें, भेजें नाम, पता, या अपना बायोडाटा के साथ

## व्यक्तिगत -सूचना

100 रू प्रति दस शब्दों में छपवायें अतिरिक्त 10 रू प्रति शब्द जैसे- नाम परिवर्तन बेदखल सूचना खोया-पाया नोटिस विज्ञापन आदि.......

## ज्वैलर्स

किले वाले KJ कमला ज्वैलर्स

- सोने, चाँदी व आर्टिफिशियल के आधुनिक डिजाईन में गारन्टीशुदा जेवर उपलब्ध है।
- सोने व चाँदी के पुराने जेवर की मरम्मत व उजाल किया जाता है।
- राशि के असली नग व उपरत्न उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

गांधी आश्रम के सामने, निकट नन्दन सिनेमा, गढ़ रोड़, मेरठ मो. 0121-2668632

## ज्योतिष

ज्योतिष मोहित जी सरधना मो. 9897573188

ज्योतिष मनोज जी मेरठ मो. 9837028526







140सी, गढ़ रोड नई सड़क के पास, मेरठ. 91-9412046132

# इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



# BUSINESS

व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता